विश्व शान्ति सभागार में होगा श्रेष्ठ सामाज का निर्माण।।

पानीपत विश्व शान्ति सभागार में श्रेष्ठ भावी पीढ़ी व श्रेष्ठ सामाज का निर्माण होगा। आने वाले समय में इस सभागार में होने वाले कार्यक्रम मनुष्यों में श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण करेगें। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज़ के निर्माणाधीन परिसर ज्ञान मानसरोवर में **विश्व शान्ति सभागार** का शिलान्यास करते हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने व्यक्त कियें।

उन्होने आगे कहा आज सामाज में इन्सान तो बढ़ते जा रहे हैं परन्तु इन्सानियत घटती जा रही हैं। आज मानव अपने मार्ग से भटक चुका हैं और हिंसा के मार्ग पर अग्रसर हो रहा हैं। परन्तु हिंसा से ज्यादा शक्ति है अहिंसा के मार्ग पर। गांधी जी ने अहिंसा का मार्ग अपना कर ही हमें आजादी दिलाई। एक सुसंस्कारित, चरित्रवान मनुष्य ही अहिंसा के मार्ग पर चल सकता है और दूसरो के सामने आदर्श प्रस्तुत कर सकता हैं।

कार्यक्रम में पधारे मुख्य वक्ता बी के आशा बहन जी (डायरैक्टर ओ० आर० सी०) ने कहा विदेशो में आज भी भारत की संस्कृति का सम्मान की किया जाता हैं। भारत को आध्यात्म का जगत गुरु के नाम से जाना जाता हैं और आज भी भारत से आध्यात्म शक्ति लेते हैं। इसलिए अब हमारा भी कुछ कर्तव्य बनते हैं कि हम अपनी इस सुसंस्कृति को बरकरार रखे, न कि पश्चिमी सस्कृति के प्रभाव में आकर अपने आपको मूल्यहीन बनायें। आज मुझे इस बात पर बहुत अफसोस होता है कि हमारे भाई बहने आधुनिकता के नाम पर अपने चरित्र का पतन कर रहे हैं। तन ढंकने की वस्तु हैं और संस्कार दिखने की। परन्तु आज मानव बिल्कुल इसके विपरीत कर रहा हैं। गीता में भी वर्णित हैं कि हे अर्जुन तुम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार को अपना शत्रु मानकर इनका वध करो।

बी० के० भारत भूषण जी (ज्ञान मानसरोवर) ने अतिथियो का अभिनन्दन करते हुए सभी श्रोताओं को ईश्वरीय विश्व विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही साथ श्रेष्ठ सामाज के निर्माण में इस निर्माणाधीन परिसर के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि किस प्रकार इस निर्माणाधीन परिसर में अब तक 10 से ज्यादा विशाल सेमिनारो का सफल आयोजन किया जा चुका हैं। जिनमें मुख्य हैं पंच सरपंच सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण, यौगिक खेती, क्लीन द माइन्ड ग्रीन द अर्थ व चरित्र निर्माण द्वारा नव निर्माण प्रमुख हैं। तथा इस विशाल सभागार के बनने के बाद सामाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए और ज्यादा से ज्यादा इस प्रकार के प्रोग्राम करते रहेगें।

पानीपत सबजोन ईन्चार्ज बी० के० सरला बहन जी ने अपनी शुभकामनायें रखी और राजयोग का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम में सांसद अरविन्द शर्मा, धर्मसिंह छौक्कर, विधायक बलबीर पाल शाह, बच्चन सिंह आर्य, ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढायी।

अनेकानेक बच्चों पूजा, तेजस आदि ने अपने नृत्य द्वारा सबका मन मोह लिया।